[illegible]—632

रजिस्टर्ड नं० ए० डी०—4
लाइसेन्स नं० डब्लू० पी०—41
(लाइसेन्सड टु पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—4, खण्ड (क)
(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बुधवार, 27 सितम्बर, 1978
आश्विन 5, 1900 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार
वन अनुभाग 3

संख्या 1018/14-3 95-1974
लखनऊ, 27 सितम्बर, 1978

अधिसूचना
प्रकीर्ण

सा० का० नि०—91

भारतीय वन अधिनियम, 1927 (अधिनियम संख्या 16, 1927) की धारा 41, 42, 51 और 76 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके और सरकारी अधिसूचना संख्या 672/चौदह-22, दिनांक 30 सितम्बर, 1918 और इस विषय पर समस्त अन्य आदेशों और अधिसूचनाओं का अतिक्रमण करके राज्यपाल इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज के अभिवहन को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं, अर्थात् —

उत्तर प्रदेश इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज का अभिवहन नियमावली, 1978

[भारतीय वन अधिनियम, 1927 (अधिनियम संख्या 16, 1927) की धारा 41, 42, 51 और 76 के अधीन]

1—(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज का अभिवहन नियमावली, 1978 कही जायगी। संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में होगा।

(3) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

2—इस नियमावली में, "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय वन अधिनियम, 1927 से है। परिभाषा

अध्याय—एक

भू-मार्ग से इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज का अभिवहन

पास द्वारा वन उपज के अभिवहन का विनियमन

३—किसी वन उपज का उत्तर प्रदेश राज्य में या से या के भीतर उसमें आगे दिये गये उपबन्ध के सिवाय इस नियमावली की अनुसूची 'क' में प्रपत्र में अभिवहन पास के बिना जो वन विभाग के किसी अधिकारी या—

इस नियमावली के द्वारा या अधीन ऐसा पास जारी करने के लिये सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी व्यक्ति से प्राप्त किया जा सकेगा, या ऐसे पास की शर्तों से भिन्न प्रकार से या ऐसे पास में विनिर्दिष्ट मार्ग या गंतव्य स्थान से भिन्न मार्ग से या गंतव्य स्थान को स्थानान्तरण नहीं किया जायगा :—

परन्तु कोई अभिवहन पास—

(क) किसी वन उपज को हटाने के लिये अपेक्षित न होगा जिसे किसी व्यक्ति द्वारा राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त दिये गये विशेषाधिकार का या अधिनियम के अधीन प्रयुक्त प्राप्त अधिकार का प्रयोग करके उस ग्राम की सीमा में, जहाँ उसका उत्पादन किया जाय, वास्तविक उपयोग के लिये हटाया जा रहा हो,

(ख) वन विभाग द्वारा प्रबन्धित वन से ठेकेदार—अभिकरण द्वारा वन उपज को हटाने के लिये अपेक्षित न होगा, उस स्थिति में स्थानान्तरण का विनियमन विक्रय की सुसंगत शर्तों और क्रेता द्वारा निष्पादित तदनुरूप करार विलेख के निबन्धनों द्वारा किया जायगा ;

(ग) ऐसी वन उपज को हटाने के लिये अपेक्षित न होगा जिसे राज्य सरकार सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा इस नियमावली के प्रवर्तन से छूट दे ।

अधिकारी और व्यक्ति जो पास जारी करेंगे ।

४—(१) निम्नलिखित अधिकारियों और व्यक्तियों को इस नियमावली के अधीन पास जारी करने की शक्ति होगी—

(क) उस वन उपज के लिये जो सरकार की हो या जिसका कोई व्यक्ति स्वामी न हो, अरण्यपाल, प्रभागीय वन अधिकारी, उप प्रभागीय वन अधिकारी या कोई अन्य अधिकारी जिसे अरण्यपाल या प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा लिखित रूप में इस निमित्त प्राधिकार दिया गया हो ;

(ख) उस वन उपज के लिये जिसका कोई व्यक्ति स्वामी हो ऐसा व्यक्ति या उसका अभिकर्ता यदि उसे प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा लिखित रूप में इस प्रकार का प्राधिकार दिया गया हो :

परन्तु—

(एक) कोई व्यक्ति जो अभिवहन पास या उपनियम (१) के खण्ड (ख) के अधीन अभिवहन पास जारी करने के लिये प्राधिकार प्राप्त करना चाहता है, अनुसूची 'ख' के प्रपत्र में आवेदन करेगा और प्रभागीय वन अधिकारी अभिवहन पास जारी करने या ऐसा पास जारी करने के लिये प्राधिकार देने के पूर्व ऐसी जाँच करेगा और ऐसी सूचना माँगेगा जिसे आवश्यक समझा जाय,

(दो) ऐसे प्राधिकार में वह अवधि विनिर्दिष्ट होगी जिसमें प्राधिकार प्रवृत्त रहेगा और उसमें वह मार्ग जो अपनाया जायगा और जाँच चौकी या डिपो भी विनिर्दिष्ट किया जायगा जिससे होकर उपज को ले जाना आवश्यक होगा, और

(तीन) किसी प्राधिकार में किसी समय, प्रभागीय वन अधिकारी या अरण्यपाल द्वारा कोई परिवर्तन, (अनुरोध करने पर या स्वयमेव) किया जा सकता है या उसे निरस्त किया जा सकता है ।

(२) अभिवहन पास जारी करने के लिये या किसी व्यक्ति को अभिवहन पास जारी करने का प्राधिकार देने के लिये सक्षम अधिकारी अभिवहन पास जारी करने या जारी करने का प्राधिकार देने से इन्कार कर सकता है ।

(३) नियम ४(१) (ख) और ४ (२) के अधीन दिये गये आदेश के विरुद्ध अपील अगले उच्च प्राधिकारी को (यदि आदेश प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा दिया गया हो, तो अरण्यपाल को यदि आदेश अरण्यपाल द्वारा दिया गया हो तो मुख्य अरण्यपाल या अपर मुख्य अरण्यपाल को) की जायगी और उसका विनिश्चय अन्तिम होगा ।

विभिन्न वर्ग के पास के लिये नैम चौक ।

५—नियम १५ के अधीन स्थापित और नियम ४ के उप नियम (१) के खण्ड (ख) के परन्तुक (दो) में अधीन विनिर्दिष्ट जाँच चौकी या डिपो पर वन उपज और पास की दो प्रतियां (द्वितीय और तृतीय प्रति) नियम ८ के उप नियम (४) के अधीन परीक्षण कीजिये और वन उपज पर

निम्नलिखित दर पर संबंधित अभिवहन पास फीस का भुगतान करने के लिये प्रस्तुत की जायगी। अनुसूची 'क' के लिये गये प्रपत्र में तदनुरूप संशोधन की जायगी :--

(एक) इमारती लकड़ी या अन्य वन उपज से लदी प्रति गाड़ी।	5 रुपया प्रति टन की दर से
(दो) इमारती लकड़ी या अन्य वन उपज से लदी पशु चालित प्रति गाड़ी।	2 रुपया 50 पैसा
(तीन) इमारती लकड़ी या अन्य वन उपज से लदा प्रति ऊंट।	1 रुपया 25 पैसा
(चार) इमारती लकड़ी या अन्य वन उपज से लदा प्रति टट्टू।	0.50 पैसा
(पांच) इमारती लकड़ी या अन्य वन उपज से लदा प्रति सिर बोझ	0.25 पैसा

टिप्पणी--लीसा और लीसा उत्पाद के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश लीसा तथा अन्य वन उपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम, 1976 और उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्ध लागू होंगे।

6--(1) प्रत्येक अभिवहन पास अनुसूची 'क' में दिये गये प्रपत्र में होगा। पास में क्या होगा

(2) प्रत्येक पास का रंग और आकार और अभिवहन पास की प्रत्येक पुस्तिका के अग्रिम में दिये जाने वाला मूल्य ऐसा होगा जैसा मुख्य वन संरक्षक द्वारा विहित किया जाय।

(3)--(एक) ऐसा पास देवनागरी लिपि में हिन्दी में या उर्दू में होगा।

(दो) अभिवहन पास तीन प्रतियों में होगा और बनी हुई पुस्तिका के रूप में होगा जिसे प्रभागीय वन अधिकारी से प्राप्त किया जा सकेगा। प्रत्येक पुस्तिका में पास संख्या होगी और प्रत्येक पुस्तिका में पास संख्यांकित किया जायगा।

(4) तीन प्रतियों में पास के प्रारूप की प्रथम प्रति प्रतिपर्ण होगी और उसकी दूसरी और तीसरी प्रति अभिवहन को जाने वाली उपज के प्रभारी व्यक्ति को दिया जायगा, और वन कृषि किसी जांच अधिकारी द्वारा मांगने पर प्रस्तुत किया जायगा। तीसरा पास वन उपज को जांच करने वाले वन अधिकारी द्वारा रख लिया जायगा जो दूसरे पास पर हस्ताक्षर करेगा और उस पर यह उल्लेखित करेगा कि उसने तीसरा भाग ले लिया है।

7--किसी अभिवहन पास के अन्तर्गत साधारणतया एक से अधिक बोझ नहीं होगा, चाहे ऐसा बोझ किसी व्यक्ति या पशु द्वारा या किसी गाड़ी में ले जाया जाय, किन्तु प्रभागीय वन अधिकारी, जब कभी उचित समझे, यह आदेश दे सकता है कि एक पास के अन्तर्गत एक ही स्थान से और एक ही स्थान को 25 किलोमीटर से अनधिक की दूरी एक ही समय में ले जाई गई मात्रा के लिये 50 से अनधिक सिर बोझ और 10 से अनधिक पशु चालित गाड़ी बोझ हो सकते हैं। प्रत्येक बोझ के लिये पृथक-पृथक पास।

8--किसी अभिवहन पास पर मुद्रित या लिखित किसी बात में जारी करने वाले के सिवाय कोई परिवर्तन नहीं किया जायगा और यह परिवर्तन पास में उल्लिखित किये जाने वाले पर्याप्त कारणों से अभिवहन के पश्चात् प्रस्तुत किसी वन अधिकारी द्वारा ही किया जा सकता है। पास में परिवर्तन नहीं किया जायगा।

9--(1) जब प्रभागीय वन अधिकारी अभिवहन पास जारी करने के लिये नियम 4 के उप नियम (1) के खंड (ख) के अधीन किसी व्यक्ति या किसी व्यक्ति के अभिकर्ता को प्राधिकार दे, तब वह ऐसे व्यक्ति को समय-समय पर सादे पास की संख्यांकित पुस्तिका देगा। सादे पास की पुस्तिका उन व्यक्तियों को दी जायेगी जिन्हें पास जारी करने का प्राधिकार हो

(2) उक्त व्यक्ति जिसको ऐसी पुस्तिका दी जाय, नियम 6 के उप नियम (2) के अधीन निर्धारित मूल्य, यदि कोई हो, देगा। मूल्य के अतिरिक्त पास के अनुचित उपयोग की प्रतिभूति करने के लिये 50 रुपये की प्रतिभूति भी जमा की जायेगी।

(3) कोई भी व्यक्ति जिसे पास जारी करने का प्राधिकार दिया गया हो, अपने प्राधिकार की शर्तों से भिन्न प्रकार से अभिवहन पास जारी नहीं करेगा।

(4) ऐसा व्यक्ति जारी किये गये किसी अभिवहन पास के लिये कोई फीस नहीं लेगा।

10--समस्त प्रयुक्त अभिवहन पास के प्रतिपर्ण उस अधिकारी को [illegible] जिससे पास पुस्तिका प्राप्त हुई थी, वापस कर दिये जायेंगे। ऐसा करने में विफल होने पर नियम 9 के उप नियम (2) के अधीन जमा की गई प्रतिभूति को समपहृत किया जा सकता है। कोई नया पास और कोई अभिवहन पुस्तिका तब तक नहीं दी जायेगी, जब तक कि पहली से प्रयुक्त समस्त पास के प्रतिपर्ण वापस न कर दिये गये हों या प्रतिपर्ण वापस न करने के कारण सिद्ध न कर दिये गये हों। प्रयुक्त अभिवहन पास का प्रतिपर्ण वापस किया जाना।

11--कोई व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति का अभिकर्ता जिसे नियम 4 के उप नियम (1) के खंड (ख) के अधीन अभिवहन पास जारी करने का प्राधिकार दिया गया हो ऐसे समस्त पास के प्रतिपर्ण को, या ऐसे व्यक्ति या अभिकर्ता द्वारा जारी किये गये हों, समय-समय पर प्रस्तुत किसी वन अधिकारी द्वारा परीक्षा करने पर, निरीक्षण करने के लिये प्रस्तुत करेगा या उन्हें वापस करने के लिये बाध्य होगा। वापसी पर प्रतिपर्ण निरीक्षण के लिये प्रस्तुत किया जायेगा।

पास जारी करने का अधिकार रद्द करने या समाप्त होने पर प्रक्रिया।

12—नियम 4 के उप नियम (1) के खण्ड (ख) के अधीन दिये गये किसी अधिकार को उक्त खण्ड के अधीन किसी समय रद्द किये जाने की दशा में या ऐसे अधिकार में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर ऐसा व्यक्ति जिसका अधिकार इस प्रकार रद्द किया जाय या ऐसा व्यक्ति जिसे अधिकार की अवधि इस प्रकार समाप्त हो जाय, जैसी भी स्थिति हो, उस अधिकारी को जिसने अधिकार प्रदान किया हो, अभिवहन पास की सभी अप्रयुक्त पुस्तिका और ऐसी किसी पुस्तिका के अप्रयुक्त भाग जो उसके पास हो, तथा प्रयुक्त पास के प्रतिपर्णों को यदि कोई हो, जिसे उसने पहले वापस न किया हो तुरन्त वापस करेगा और तदुपरान्त उक्त व्यक्ति अभिवहन पास की ऐसी प्रत्येक अप्रयुक्त पुस्तिका के सम्बन्ध में संदत्त धनराशि वापस पाने का हकदार होगा किन्तु किसी प्रयुक्त पुस्तिका के संबंध में कोई धनराशि वापस करने की अनुमति नहीं दी जायगी।

प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा जारी किये गये अभिवहन पास कब अविधिमान्य होंगे।

13—अभिवहन पास जारी करने के लिये नियम 4 के उप नियम (1) के खण्ड (ख) के अधीन प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा या किसी व्यक्ति के अभिकर्ता द्वारा जारी किया गया कोई अभिवहन पास विधिमान्य न होगा, यदि—

(क) ऐसा पास नियम 9 के उप नियम (1) के अधीन इस प्रयोजन के लिये दिये गये प्रपत्र में तैयार न किया जाय; या

(ख) पास ऐसे व्यक्ति द्वारा, ऐसा पास जारी करने के अधिकार को रद्द करने का आदेश प्राप्त होने के पश्चात् जारी किया जाय; या

(ग) पास ऐसे व्यक्ति द्वारा ऐसे पास को जारी करने के लिये दिये गये अधिकार में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पश्चात् जारी किया जाय।

इमारती लकड़ी पर सम्पत्ति संबंधी और अभिवहन चिन्ह का लगाया जाना।

14—उस स्थिति के सिवाय जब वह सरकारी सम्पत्ति हो, विनिर्दिष्ट जांच चौकी या डिपो पर लायी गयी समस्त इमारती लकड़ी का परीक्षण किया जायगा और उस पर सरकारी हथौड़े से चिन्ह (जिसकी अनुकृति से सम्बन्धित पास पर मुद्रित होगी) लगाया जायगा। हथौड़े से लगाये जाने वाले ऐसे चिन्ह डिजाइन समय-समय पर अरण्यपाल या प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा विहित की जायगी। इसके अतिरिक्त, यदि अरण्यपाल या प्रभागीय वनाधिकारी ऐसा निदेश दें तो ऐसे प्रकार की इमारती लकड़ी पर, जो व्यक्ति के अरण्यपाल या प्रभागीय वन अधिकारी के कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत की गयी हो, स्वामी का मुद्रित निजी सम्पत्ति चिन्ह भी लगाया जायेगा।

डिपो और उसका प्रयोजन।

15—अरण्यपाल ऐसे स्थान पर जिसे वह उचित समझे, डिपो स्थापित कर सकता है जहां पर वन उपज—

(क) तदुपरान्त से हटाये जाने के सम्बन्ध में प्रारम्भिक परीक्षण या अनुवर्ती जांच करने के लिये; या

(ख) राज्य सरकार को उसके निमित्त देय धनराशि का अवधारण करने और इस प्रकार देय पायी गयी किसी धनराशि का भुगतान करने के लिये; या

(ग) इस उद्देश्य से कि यदि विधि द्वारा या इस नियमावली द्वारा उस पर कोई चिन्ह लगाया जाना अपेक्षित हो, तो उसको इस प्रकार लगाया जा सके;

डिपो की स्थिति का प्रकाशित किया जाना।

16—अरण्यपाल समय-समय पर सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा और स्थानीय तौर पर ऐसी रीति से, जिसे वह उचित समझे अपने वृत्त में ऐसे डिपो का नाम और उसकी स्थिति की जानकारी करायेगा।

डिपो किसी अधिकारी के प्रभार में होगा।

17—प्रत्येक डिपो अरण्यपाल या प्रभागीय वन अधिकारी के आदेश के द्वारा या अधीन नियुक्त किसी अधिकारी के प्रभार में होगा। किसी वन उपज का डिपो के प्रभारी अधिकारी की अनुज्ञा के बिना डिपो में न तो संग्रह किया जायगा और न वहां से हटाया जायगा।

सम्पत्ति चिन्ह का रजिस्ट्रीकरण।

18—(1) कोई व्यक्ति अपनी इमारती लकड़ी पर लगाये जाने वाले सम्पत्ति चिन्ह का उस प्रभाग के, जहां से वह इस नियमावली के अधीन अपनी इमारती लकड़ी को निकालना चाहता है प्रभागीय वन अधिकारी के कार्यालय में रजिस्ट्रीकरण कराने के लिये प्रभागीय वन अधिकारी को आवेदन कर सकता है।

(2) प्रत्येक सम्पत्ति चिन्ह में ऐसी युक्ति होगी जिसे प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा उसके प्रभाग के लिये अनुमोदित किया जायगा, परन्तु किसी व्यक्ति को ऐसे चिन्ह का रजिस्ट्रीकरण कराने की अनुमति नहीं दी जायगी जो किसी अन्य व्यक्ति द्वारा पहले से रजिस्ट्रीकृत या राज्य सरकार द्वारा प्रयुक्त चिन्ह के समान हो या जिससे ऐसा चिन्ह होने का भ्रम हो सके। यह विवाद होने की स्थिति में कि रजिस्ट्रीकरण के लिये प्रस्तावित चिन्ह का पहले से ही रजिस्ट्रीकृत किसी अन्य सम्पत्ति चिन्ह से बहुत अधिक सदृश्य है या नहीं, अरण्यपाल का विनिश्चय अन्तिम होगा।

(3) प्रत्येक रजिस्ट्रीकरण के लिये दस रुपये की फीस ली जायगी। फीस के भुगतान के सम्बन्ध में एक रसीद अनुसूची 'ग' में दिये गये प्रपत्र में दी जायगी।

रजिस्ट्रीकरण की फीस धारा-41 (2) (ठ)।

(4) प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा प्रत्येक ऐसे व्यक्ति को जो अपना चिन्ह रजिस्ट्रीकृत कराये, रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र दिया जायगा जिसमें पुष्टि का उल्लेख होगा। रजिस्ट्रीकरण आगामी 30 सितम्बर तक विधिमान्य रहेगा।

19—प्रभागीय वन अधिकारी की लिखित विशेष अनुज्ञा के सिवाय किसी वन उपज का परिवहन सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच नहीं किया जायगा। इस प्रकार अनुज्ञात परिवहन के लिये नियम 5 में विहित दर से दुगुनी दर पर फीस ली जायगी।

वन उपज को दिन में हटाया जायगा।

20—उत्तर प्रदेश राज्य में आयातित समस्त वन उपज के सम्बन्ध में इस नियमावली के अतिरिक्त, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (अधिनियम संख्या 16, 1927) की धारा 40-क के अधीन संघ सरकार द्वारा बनाये गये नियमों का अनुसरण किया जायगा और वे नियम 21 के अधीन रजिस्ट्रीकृत विदेशी पास के अन्तर्गत होंगे और इमारती लकड़ी की स्थिति में उन पर नियम 23 के अधीन रजिस्ट्रीकृत विदेशी सम्पत्ति चिन्ह होगा।

विदेशी पास।

21—प्रत्येक विदेशी पास ऐसे प्रपत्र में सम्यक होना चाहिये जो उस सर्किल के, जिस में विदेशी पास के अधीन वन उपज आयात किया जाता हो, अरण्यपाल के कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत हो और उस पर ऐसे पासधारी का हस्ताक्षर होगा जिसका पदनाम उक्त अरण्यपाल के कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत हो और प्रत्येक विदेशी सम्पत्ति चिन्ह उस प्रकार का होना चाहिये जो उक्त कार्यालय में नियम 23 के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो। सम्बद्ध सर्किल के अरण्यपाल के कार्यालय में विदेशी पास का रजिस्ट्रीकरण कराने के लिये आवेदन करते समय सम्बद्ध सक्षम अधिकारी द्वारा सम्यक रूप से प्रमाणित घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उत्तर प्रदेश राज्य में आयातित वन उपज का निर्यात करने पर कोई आपत्ति नहीं है और सम्बद्ध पक्ष ने सक्षम प्राधिकारी को उद्ग्रहणीय सीमा शुल्क, उत्पादन शुल्क या अन्य शुल्क का, यदि कोई हो, भुगतान कर दिया है:

परन्तु पड़ोसी राज्य सरकारों के अनुरोध पर ऐसे ठेकेदारों या उनके प्राधिकृत अभिकर्ताओं द्वारा जिनके हस्ताक्षर, उस प्रभागीय वन अधिकारी के जिसके प्रभाग से उपज को ले जाया जाय, कार्यालय में सम्यक रूप से रजिस्ट्रीकृत हैं, हस्ताक्षरित पास की अनुमति दी जा सकती है:

परन्तु यह और कि ऐसे ठेकेदारों या उनके प्राधिकृत अभिकर्ताओं द्वारा प्रयुक्त पास पर उस अधिकारी की शासकीय मुहर लगी होनी चाहिये जिसे राज्य सरकार ने ठेकेदारों को पास पुस्तिका जारी करने के लिये प्राधिकार दिया हो।

विदेशी पास प्रपत्र आदि का रजिस्ट्रीकरण अरण्यपाल के कार्यालय में अवश्य होना चाहिये।

22—उत्तर प्रदेश राज्य में आयातित किसी वन उपज का परिवहन नियम 4 के अधीन जारी किये गये पास के बिना उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर नियम 15 के अधीन स्थापित निकटतम प्रथम डिपो तक किया जा सकता है यदि वह नियम 21 के अधीन रजिस्ट्रीकृत विदेशी पास के अन्तर्गत आता हो और यदि ऐसी सीमा और ऐसे डिपो के बीच किसी स्थान पर उसका ढेर लगाया गया हो या उसे जमा किया गया हो तो विदेशी पास जिसके अन्तर्गत पदार्थ आता हो उस डिपो पर तुरन्त दे दिया जायगा।

आयातित वन उपज का परिवहन नियम 4 के अधीन पास के बिना प्रथम डिपो तक किया जा सकता है।

23—अरण्यपाल नियम 21 के अधीन किसी विदेशी प्रपत्र या चिन्ह के रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उसकी प्रामाणिकता के सम्बन्ध में जांच कर सकता है और यदि उसे कोई आपत्ति न हो तो वह आवेदक द्वारा एक सौ रुपये देने पर अपने कार्यालय में ऐसे प्रपत्र या चिन्ह का रजिस्ट्रीकरण करेगा। ऐसा प्रत्येक रजिस्ट्रीकरण, रजिस्ट्रीकरण के दिनांक से रजिस्ट्रीकरण वर्ष के आगामी 31 दिसम्बर तक लागू रहेगा सिवाय विदेशी सरकारों के प्रपत्रों और चिन्हों की स्थिति में जिनका रजिस्ट्रीकरण तब तक लागू रहेगा जब तक कि उसका उपान्तर या निरसन नये प्रपत्रों या चिन्हों द्वारा न कर दिया जाय।

विदेशी पास के प्रपत्रों या विदेशी सम्पत्ति चिन्हों का रजिस्ट्रीकरण

24—ऐसे वन अधिकारी से जिसका कर्तव्य ऐसे चिन्हों का उपयोग करना है, भिन्न कोई व्यक्ति इमारती लकड़ी के लिये ऐसे किसी सम्पत्ति चिन्ह का उपयोग नहीं करेगा जो किसी सरकारी अभिलक्षण चिन्ह या ऐसे किसी चिन्ह के जिससे सरकारी इमारती लकड़ी चिन्हित की जाय, समान हो या लगभग उसके सदृश हो, और जब कोई इमारती लकड़ी नियम 4 के उप नियम (1) के खण्ड (ख) के अधीन इस निमित्त प्राधिकृत किसी व्यक्ति या किसी व्यक्ति के अभिकर्ता के द्वारा जारी किये गये पास से अभिवहन में हो, तब कोई व्यक्ति उस पर किसी चिन्ह में न तो परिवर्तन करेगा और न उसे मिटायेगा।

सरकारी चिन्ह की न तो अनुकृति की जायगी और न उसे मिटाया जायगा।

25—(1) अभिवहन में किसी वन उपज को जिस पर यह नियमावली लागू होती है और ऐसी वन-उपज को ले जाने वाले किसी व्यक्ति, पशु, गाड़ी, जलयान या यान को, यथास्थिति, राज्य सरकार के किसी वन, पुलिस या राजस्व अधिकारी द्वारा, जो वन रक्षक, पुलिस सब-इन्सपेक्टर या कानूनगो के पद से निम्न पद का न हो, किसी स्थान पर रोका जा सकता है, निरुद्ध किया जा सकता है, उसका परीक्षण किया जा सकता है और उसकी जांच की जा सकती है यदि ऐसे अधिकारी को यह संदेह करने का युक्तियुक्त आधार हो कि उसके सम्बन्ध में सरकार को देय किसी धनराशि का भुगतान नहीं किया गया है या उसके सम्बन्ध में कोई वन अपराध किया गया है या किया जा रहा है:

कतिपय अधिकारी द्वारा अभिवहन में के वन उपज को रोका जा सकता है और उसका परीक्षण किया जा सकता है।

परन्तु ऐसा कोई अधिकारी परीक्षण करने के प्रयोजनार्थ अंश काटने के सिवाय [illegible] रूप से ऐसी किसी वन उपज को, जो विधि पूर्वक अभिग्रहण में हो, न तो विकृत करेगा और [illegible] करने के लिये या परावृत्तक रूप से किसी ऐसी वन उपज को उत्पादित और [illegible]

(२) ऐसा वन उपज का प्रभारी व्यक्ति वन-उपज के संबंध में किसी ऐसे अधिकारी [illegible] अपेक्षित अभिलेख उसको प्रस्तुत करेगा, और यदि वे अभिग्रहण पत्र के [illegible] रहा हो तो वह निरीक्षण के लिये पूछने पर ऐसे पास को ऐसे अधिकारी को प्रस्तुत करेगा और ऐसे अधिकारी द्वारा उक्त वन उपज को रोकने या उसका परीक्षण करने में किसी भी प्रकार से [illegible] या प्रतिरोध नहीं करेगा।

इमारती लकड़ी के परिवर्तन का प्रतिषेध।

१९— वन विभाग के प्रभार में किसी आरक्षित, संरक्षित या ग्रामीण वन की सीमा से [illegible] और—

(एक) ऐसी सीमा से पांच किलोमीटर के भीतर कोई व्यक्ति रेंज वन अधिकारी के पद से अनिम्न वन अधिकारी की लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना इमारती लकड़ी को काटने, संपरिवर्तित करने या चीरने या लकड़ी का कोयला बनाने के लिये [illegible] के लिये प्रयुक्त नहीं करायेगा; और—

(दो) ऐसी सीमा से दस किलोमीटर के भीतर कोई व्यक्ति प्रभागीय वन अधिकारी के पद से अनिम्न किसी वन अधिकारी की लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना जो ऐसी अनुज्ञा ऐसे शर्तों पर जो सरकार के हित की रक्षा के लिये उपयुक्त रूप से आरोपित कर सकता है, इमारती लकड़ी को काटने, संपरिवर्तित करने और चीरने के लिये कोई मशीनरी या [illegible] स्थापित नहीं करायेगा;

(तीन) खण्ड (दो) के अधीन निर्दिष्ट प्रकार और सीमा के भीतर पहले से ही स्थापित मशीनरी या आरा मिल की स्थिति में, स्वामी को प्रभागीय वन अधिकारी के पद से अनिम्न किसी वन अधिकारी की लिखित स्वीकृति प्राप्त करनी होगी जो [illegible] ऐसे शर्तों पर सरकार के हित की रक्षा के लिये उपयुक्त शर्तें आरोपित कर सकता है।

स्पष्टीकरण—यह नियम घरेलू बढ़ईगीरी या [illegible] के सामान्य अभ्यास पर लागू नहीं होगा।

स्थानीय क्षेत्रों को प्रकाशित किया जाये जिन पर नियमावली लागू नहीं होगी।

२०— राज्य सरकार, सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा ऐसी अधिसूचना में [illegible] किसी स्थानीय क्षेत्र को इस नियमावली के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

नियमों के उल्लंघन के लिये शास्ति।

२१—(१) कोई व्यक्ति जो इस नियमावली के किसी उपबन्ध का उल्लंघन करता है, ऐसे अपराध के लिये कारावास से जो एक वर्ष तक हो सकता है या जुर्माने से जो [illegible] रुपये तक हो सकता है या दोनों से दण्डनीय होगा।

(२) उन मामलों में जिनमें अपराध दोषसिद्धि के पश्चात और दोषसिद्धि से पूर्व [illegible] अधिकारी का अभिरोध करने के लिये तैयारी करने के पश्चात किया गया है वहां [illegible] उसी प्रकार के अपराध के लिये पहले दोषसिद्ध हो चुका है वहां आरोपित की जाने वाली [illegible] उपनियम (१) में उल्लिखित शास्ति से दुगनी होगी।

अध्याय—दो

जल मार्ग द्वारा इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज का अभिवहन

बिना पास के इमारती लकड़ी का बेड़ा बनाने और प्रवाहित करने पर निर्बन्धन धारा ४१ (२) (क)

२२—(१) कोई व्यक्ति उस वन प्रभाग में, जिसमें कोई नदी हो, प्रभारी वन अधिकारी या ऐसे अधीनस्थ अधिकारी से जिसे उस प्रभाग का प्रभारी अधिकारी इस निमित्त प्राधिकृत करे, अभिवहन अभिवहन पास प्राप्त किये बिना किसी नदी में किसी इमारती लकड़ी का [illegible] बनायेगा और न उसको उसमें प्रवाहित करेगा। कोई व्यक्ति ऐसे पास के आधार पर जो [illegible] से नहीं है किन्तु जो किसी अन्य व्यक्ति के नाम से है या झूठा बताया जाता है इमारती लकड़ी [illegible] बेड़ा बनाने या उसको प्रवाहित करने का हकदार नहीं होगा।

(२) उपनियम (१) में निर्दिष्ट अभिवहन पास [illegible] किसी [illegible] रूप में होगा और इस नियमावली की अनुसूची "क" में दिये गये प्रपत्र में होगा और [illegible] अधिकारी द्वारा प्रपत्र रूप से हस्ताक्षर किया जायगा और मुहर लगाई जायेगी।

पास कहां से प्राप्त किया जाय का निर्देश धारा ४१ (२) (ग)।

२३— कोई पास किसी अभिवहन इमारती लकड़ी के लिये या अन्य इमारती लकड़ी [illegible] जहां नदी किनारे जहां [illegible] हो और [illegible] है जैसा कि [illegible] की गई है।

31—(1) [illegible] इमारती लकड़ी [illegible] प्रकाशित करने के लिये निदेश [illegible] जारी करने के लिये इमारती लकड़ी के [illegible] के लिये निम्नलिखित दर पर फीस [illegible] की जा सकती है :—

इमारती लकड़ी [illegible] लम्बाई [illegible] मीटर में	प्रति [illegible] पर फीस
एक मीटर तक	50 पैसा
एक मीटर से अधिक और दो मीटर तक	1 रुपया
दो मीटर से अधिक और तीन मीटर तक	1 रुपया 50 पैसा
तीन मीटर से अधिक	2 रुपया

(2) फीस का भुगतान करने के संबंध में इस नियमावली की अनुसूची 'क' में दिये गये प्रपत्र में एक [illegible] दी जायगी।

32—कोई व्यक्ति जिसने अपनी इमारती लकड़ी को किसी नदी में डाला है या बहाया है—

(क) [illegible] नियन्त्रण हो, प्रभारी वन अधिकारी की लिखित अनुज्ञा बिना,

(ख) ऐसे स्थानों के सिवाय, जिन्हें ऐसा अधिकारी [illegible] अधिसूचित करे, उसका संग्रह नहीं करेगा।

33—(1) [illegible] अधिकारी [illegible] पुलिस अधिकारी, [illegible] इमारती लकड़ी [illegible] किसी व्यक्ति [illegible] कर सकता है।

(2) ऐसी इमारती लकड़ी के संबंध में [illegible]

34—किसी व्यक्ति को, कोई इमारती लकड़ी, [illegible] करने की अनुज्ञा नहीं दी जायगी [illegible] हो जाय।

35—(1) प्रत्येक व्यक्ति [illegible] इमारती लकड़ी को [illegible] प्रवाहित करना चाहे [illegible] चिह्न या चिह्नों का रजिस्ट्रीकरण करायेगा जिनमें ऐसी इमारती लकड़ी के सम्बन्ध में उसका [illegible] अधिकार प्रकट हो।

(2) किसी व्यक्ति को ऐसे चिह्न का, जो कि [illegible] अन्य व्यक्ति के [illegible] रजिस्ट्रीकृत हो या सरकार द्वारा प्रयुक्त किसी चिह्न का रजिस्ट्रीकरण कराने की अनुमति नहीं दी जायगी।

(3) [illegible] अधिकारी ऐसे किसी चिह्न का रजिस्ट्रीकरण करने से इन्कार कर सकता है [illegible] सरकार द्वारा प्रयुक्त चिह्न या किसी अन्य व्यक्ति [illegible] रजिस्ट्रीकृत चिह्न से [illegible] सरकारी या रजिस्ट्रीकृत चिह्न में [illegible] परिवर्तित करने की [illegible] हो।

36—(1) प्रत्येक चिह्न के रजिस्ट्रीकरण के लिये [illegible] रजिस्ट्रीकरण फीस देय होगी।

(2) फीस का भुगतान करने के सम्बन्ध में इस नियमावली की अनुसूची 'क' में दिये गये प्रपत्र में एक रसीद दी जायगी।

37—[illegible] रजिस्ट्रीकृत चिह्न [illegible] रजिस्ट्रीकरण के [illegible] के [illegible] की अवधि के लिये विधिमान्य होगा।

रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र। 38—रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी चिन्ह के रजिस्ट्रीकरण के सम्बन्ध में एक प्रमाण-पत्र देगा जिसमें रजिस्ट्रीकृत चिन्ह, रजिस्ट्रीकरण का दिनांक और अवधि के लिये वह विधिमान्य रहेगा, विनिर्दिष्ट की जायगी।

घोषित क्षेत्रों में कतिपय कार्यों का प्रतिषेध धारा 41 (2) (ज) 39—(1) किसी ऐसे क्षेत्र की सीमा में जो धारा 45 के अधीन इस प्रकार घोषित की जाय, वन अधिकारी की लिखित अनुज्ञा के सिवाय इमारती लकड़ी को स्थानान्तरित करना, संपरिवर्तन करना, काटना, जलाना, छिपाना या चिन्ह लगाना उस पर लगे किसी चिन्ह को बदलना या मिटाना और चिन्ह लगाने वाले हथौड़े या इमारती लकड़ी को चिन्हित करने के लिये प्रयुक्त अन्य उपकरणों को कब्जे में रखना या साथ ले जाना प्रतिषिद्ध होगा।

(2) यदि उप नियम (1) में निर्दिष्ट अनुज्ञा दी जाय तो उसमें वह स्थान विनिर्दिष्ट किया जायगा, या जहां पर वह प्रभावी होगी और उसमें, यथास्थिति, इमारती लकड़ी के पूर्व निरीक्षण या अन्य बात के संबंध में अन्य शर्तें दी जा सकती हैं।

शास्ति धारा 42 40—(1) कोई व्यक्ति जो इस अध्याय में दिये गये नियमों के उपबन्धों का उल्लंघन करता है, किसी एक प्रकार की कारावास की ऐसी अवधि के लिये जो एक वर्ष तक हो सकता है या जुर्माने से जो एक हजार रुपये तक हो सकता है या दोनों से दण्डनीय होगा।

(2) द्वितीय या अनुवर्ती अपराध की स्थिति में या ऐसी स्थिति में, जहां अपराध सूर्यास्त के पश्चात या सूर्योदय के पूर्व या विधिपूर्ण प्राधिकारी का प्रतिरोध करने के लिये तैयारी करने के पश्चात किया जाता है, वहां ऐसी शास्ति दी जा सकती है जो उप नियम (1) में उल्लिखित शास्ति से दुगनी हो।

अध्याय-तीन

बहती हुई और अटकी हुई इमारती लकड़ी का संग्रह

क्षेत्रों की घोषणा धारा-45 41—भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 45 के प्रयोजनार्थ क्षेत्र निम्नलिखित होगा—

(1) सम्पूर्ण जौनसार बावर परगना।

(2) मेरठ सिविल डिवीजन की सीमा में, जिसमें यमुना नदी की धारा के उसके शीतकालीन जल स्तर की धारा को मानकर दोनों तट से सीधे आठ किलोमीटर की दूरी के भीतर का क्षेत्र सम्मिलित है, भारतीय राज्य-क्षेत्र में यमुना और उसकी सहायक नदियां।

(3) मेरठ जिले में गढ़मुक्तेश्वर से ऊपर की ओर जिसमें गंगा नदी की मुख्य धारा के उसके शीतकालीन जल स्तर की धारा को मानकर दोनों तट से सीधे आठ किलोमीटर की दूरी के भीतर का क्षेत्र सम्मिलित है, भारतीय राज्य क्षेत्र में राम गंगा और उसकी सहायक नदियां।

(4) नगीना-अफजलगढ़ मार्ग से ऊपर की ओर जिसमें रामगंगा नदी की मुख्य धारा के उसके शीतकालीन जल स्तर की धारा को मान कर दोनों तट से सीधे आठ किलोमीटर की दूरी के भीतर का क्षेत्र सम्मिलित है, भारतीय राज्य-क्षेत्र में रामगंगा और उसकी सहायक नदियां।

(5) बहरामघाट के रेलवे पुल के ऊपर की ओर जिसमें शारदा (काली) नदी की मुख्य धारा के उसके शीतकालीन जल स्तर की धारा को मानकर दोनों तट से सीधे आठ किलोमीटर की दूरी के भीतर का क्षेत्र सम्मिलित है, भारतीय राज्य क्षेत्र में शारदा (काली) और उसकी सहायक नदियां।

(6) गोरखपुर जिले की सीमा में जिसमें गंडक नदी की मुख्य धारा के उसके शीतकालीन जल स्तर की धारा को मानकर दोनों तट से सीधे पांच किलोमीटर की दूरी के भीतर का क्षेत्र सम्मिलित है, भारतीय राज्य क्षेत्र में गंडक और उसकी सहायक नदियां।

अधिग्रहण आदि पर निबर्धन धारा-45 (2 और 51) 43—कोई व्यक्ति, जब तक कि ऐसे वन अधिकारी द्वारा जिसका क्षेत्राधिकार वहां पर विस्तृत हो, लिखित रूप में विशेषतः प्राधिकृत न किया जाय, इस नियमावली के नियम 41 में उल्लिखित उपर्युक्त क्षेत्रों में अचिन्हित जलाऊ टुकड़े से भिन्न किसी भी प्रकार का काष्ठ या इमारती लकड़ी लम्बाई में 180 सेन्टीमीटर और परिधि (घेरा) में 60 सेन्टीमीटर से अधिक न हो, अधिग्रहण नहीं करेगा।

43—(1) वन अधिकारी भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41 के अधीन और इन नियमावली के अनुसार [illegible] चिह्न वाली ऐसी समस्त इमारती लकड़ी [illegible] का उद्धरण या संग्रह करने [illegible] अधिकारी [illegible] किसी अन्य [illegible] में परिवहन कर सकता है। — पंजीकृत चिह्न से चिह्नित इमारती लकड़ी का उद्धरण और संग्रह करने की अनुज्ञा धारा 45 (2) और 51।

(2) वन अधिकारी या नियमावली के अधीन उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा इस प्रकार संग्रह की गई इमारती लकड़ी [illegible] स्वामी या स्वामियों [illegible] वन अधिकारी द्वारा [illegible] निश्चित किया जाय, दे दी जायगी।

44—वन अधिकारी या उसके द्वारा इस निमित्त लिखित रूप में प्राधिकृत कोई व्यक्ति ऐसी इमारती लकड़ी का, जिस पर ऐसे चिह्न लगे हैं जो इस नियमावली के अधीन पंजीकृत नहीं हैं या जिस पर चिह्न [illegible] द्वारा या अन्यथा [illegible] हैं और बहती हुई इमारती लकड़ी का [illegible] कोई चिह्न नहीं लगे हैं, उद्धरण और संग्रह कर सकता है। — अपंजीकृत चिह्न से चिह्नित इमारती लकड़ी का उद्धरण और संग्रह करने की अनुज्ञा धारा 45 (2) और 51।

45—(1) ऐसी कोई इमारती लकड़ी [illegible] भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 45 के अधीन [illegible] में [illegible] है, तब तक परिवहन नहीं की जायगी [illegible] वन अधिकारी [illegible] द्वारा निश्चित किया जाय [illegible] इमारती लकड़ी के उद्धरण में हुआ [illegible] दिया हो। — इमारती की इमारती लकड़ी का परिदान करने की शर्त धारा 45 (2) और 51।

(2) यदि [illegible] अधिकारी से [illegible] दिन के भीतर उसका भुगतान करने में विफल रहता है [illegible] इमारती लकड़ी [illegible] की जायगी।

(3) इस नियमावली के अधीन [illegible] इमारती लकड़ी का, [illegible] उक्त अधिनियम की धारा [illegible] के अधीन [illegible] किया जा सकता है।

46—वन अधिकारी ऐसे समस्त [illegible] हुई इमारती लकड़ी को जिस पर कोई चिह्न न लगा हो, किसी भी समय उस स्थान पर जहाँ वह [illegible] हुई हो, बेच सकता है [illegible] इमारती लकड़ी को संग्रह या [illegible] करने के अधिकार [illegible] सकता है [illegible] न हो। — बहती हुई काष्ठ या इमारती लकड़ी बेचने की शक्ति धारा 51 (1) (क)

47—(1) ऐसी समस्त काष्ठ या इमारती लकड़ी पर, जो [illegible] के अधीन वन विभाग द्वारा बेचा जाय, विभागीय विक्रय चिह्न लगाया जायगा। — विक्रीत इमारती लकड़ी को चिह्नित किया जाना 52 (1) (क)

(2) ऐसी समस्त काष्ठ या इमारती लकड़ी पर, जब उसका नियम 43 (1) के अधीन [illegible] कर दिया जाय, उपयुक्त मुद्रित चिह्न लगाया जायगा। नियम [illegible] के अधीन [illegible] काष्ठ या इमारती लकड़ी को [illegible] के लिये [illegible] द्वारा [illegible] एक मुद्रित और [illegible] काष्ठ और इमारती लकड़ी [illegible] विनिर्दिष्ट हों।

48—कोई व्यक्ति जो इस अध्याय के [illegible] का उल्लंघन करता है, ऐसी [illegible] के लिये [illegible] हो सकता है या जुर्माने से [illegible] हो सकता है या दोनों से दण्डनीय होगा। — इस अध्याय के अधीन शास्ति धारा 51 (2)

साधारण

49—इस नियमावली के प्रवृत्त होने पर, [illegible] समस्त नियम, जो इस नियमावली के [illegible] उत्तर प्रदेश [illegible] के किसी [illegible], निरसित हो जायेंगे। — निरसन और व्यावृत्ति

परन्तु इस प्रकार निरसित किसी नियम के अधीन [illegible] किसी कार्य या कार्यवाही [illegible] इस नियमावली के [illegible] के अधीन [illegible] समझी जायगी।

आज्ञा से,
एस० पी० त्रिपाठी,
सचिव।

अनुसूची 'क'

प्रपत्र

(नियम 3 देखिये)

प्रतिपर्ण

पुस्तक संख्या	अभिवहन पास	पृष्ठ संख्या
(1)	(2)	(3)

1—वन उपज की उत्पत्ति का उद्गम स्थान—

(क) वन का नाम और स्थिति

(ख) वन स्वामी का नाम

2—वन उपज के स्वामी का नाम और पता

3—उपज का विवरण और परिमाण

4—सम्पत्ति चिन्ह आदि

5—ग्राम/नगर का नाम, जहाँ उपज का परिवहन किया जायगा

6—मार्ग जिससे उपज का परिवहन किया जायगा

7—डिपो जहाँ पर जाँच के लिए वन उपज प्रस्तुत की जायगी

8—पास की समाप्ति का दिनांक

9—कोई अन्य ब्योरा

10—निर्गमन अधिकारी का हस्ताक्षर, मुहर और दिनांक

11—जाँच अधिकारी का हस्ताक्षर

अनुसूची 'ख'

आवेदन-पत्र का प्रपत्र

1—नाम

2—पिता का नाम

3—पूरा पता

4—भूमि का ब्योरा जहाँ से उपज लाई जायगी। (उसका क्षेत्रफल दीजिये) यदि किसी खेत से लायी जाय तो उसका खसरा संख्या दीजिये और खसरा-खतौनी का सुसंगत उद्धरण संलग्न कीजिए।

5—वृक्षों का ब्योरा जिनकी उपज को लाये जाने का प्रस्ताव है:—

प्रजाति	वृक्षों की संख्या	वर्गवार व्यास (छाती की ऊंचाई पर व्यास)				
		0-10 सेन्टी मी0	10-20 सेन्टी मी0	20-30 सेन्टी मी0	30-40 सेन्टी मी0	40-50 सेन्टीमीटर

6—वृक्षों को गिराने और हटाने की अनुज्ञा का ब्योरा, जिसमें उत्तर प्रदेश ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्र में वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 15, 1976) के अधीन अपेक्षित कोई अनुज्ञा भी सम्मिलित है।

7—गन्तव्य स्थान जहाँ उपज ले जाने का प्रस्ताव हो।

आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांक।

produce along with the two copies of the pass (duplicate and triplicate) shall be produced for examination under sub rule (4) of rule 6 and for payment of transit fee on the forest produce calculated at the following rates; corresponding receipt shall be granted in the Form given in Schedule C		along with the two copies of the pass (duplicate and triplicate) shall be produced for examination under sub rule (4) of rule 6 and for payment of transit fee on the forest produce calculated at the following rates; corresponding receipt shall be granted in the Form given in Schedule C.	
(i) per lorry load of timber or other forest produce	Rs. 5.00 per tonne of capacity	(i) per lorry load of timber or other forest produce	Rs. 38.00 per tonne of capacity
(ii) per cart load of timber or other forest produce	Rs. 2.50	(ii) per cart load of timber or other forest produce	Rs 19.00
(iii) Per camel load of timber or other forest produce	Rs. 1.25	(iii) Per camel load of timber or other forest produce	Rs. 9.00
(iv) per pony load of timber or other forest produce	Rs. 0.50	(iv) per pony load of timber or other forest produce	Rs. 4.00
(v) per head load of timber or other forest produce	Rs. 0.25	v) per head load of timber or other forest produce	Rs. 2.00
Note:- In respect of resin and resin products, the provisions of the Uttar Pradesh Resin and Other Forest Produce (Regulation of Trade) Act, 1976 and the rules framed thereunder, shall apply.		Note:-In respect of resin and resin products, the provisions of the Uttar Pradesh Resin and other Forest Produce (Regulation of Trade) Act, 1976 and the rules framed thereunder, shall apply	

Amendment of rule 18 — 3. In the said rules for the existing rule 18 set out in column 1 below the rules as set out in column-2 shall be

substituted, namely:-

Column-1 Existing rules	Column-2 Rules as hereby substituted
18-Registration of property marks (1). Any person may apply to the Divisional Forest Officer to have property mark to be attached to timber belonging to him, registered in the office of the Divisional Forest Officer of the Division from which it is sought to transport his timber under these rules.	**18-Registration of property marks (1).** Any person may apply to the Divisional Forest Officer to have property mark to be attached to timber belonging to him, registered in the office of the Divisional Forest Officer of the Division from which it is sought to transport his timber under these rules.
(2) Every property mark shall consist of a device to be approved by the Divisional Forest Officer for his Division, provided that no person shall be allowed to register a mark identical with, or liable to be mistaken for one already registered by another person or used by the State Government. In case of dispute as to whether the marks proposed for registration has or has not too close resemblance with any other previously registered property mark, the decision of the Conservator of Forest shall be final.	(2) Every property mark shall consist of a device to be approved by the Divisional Forest Officer for his Division, provided that no person shall be allowed to register a mark identical with, or liable to be mistaken for one already registered by another person or used by the State Government. In case of dispute as to whether the marks proposed for registration has or has not too close resemblance with any other previously registered property mark, the decision of the Conservator of Forest shall be final.
(3) Registration fee sec. 41(2)(i)-A fee of ten rupees shall be chargeable for each registration. A receipt shall be given in respect of the payment of the fee in the Form given in Schedule "C"	(3) Registration fee section 41 (2)(i)-A fee of Seventy five rupees shall be chargeable for each registration. A receipt shall be given in respect of the payment of the fee in the Form given in Schedule "C"

(4) A certificate of registration showing the device shall be given by the Divisional Forest Officer to each person registering his mark. The registration shall remain valid up to 30th September next following.	(4) A certificate of registration showing the device shall be given by the Divisional Forest Officer to each person registering his mark. The registration shall remain valid up to 30th September next following.

Amendment of rule 23 — 4. In the said rule for the existing rule 23 set out in column-1 below the rules as set out in column-2 shall be substituted, namely:-

Column-1 Existing rules	Column-2 Rules as hereby substituted
